JAIPUR METRO

# जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

**E-mail:**pro@jaipurmetrorail.in; **Phone No:** 0141-2822760

---

2026/08/434–प्रेस विज्ञप्ति — दिनांक: 13.08.2026

## जयपुर मेट्रो में "हर घर तिरंगा अभियान" के तहत तिरंगा रैली का हुआ आयोजन।

जयपुर 13 अगस्त। **"हर घर तिरंगा अभियान–2026"** देश में 09 से 17 अगस्त, 2026 तक तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत जयपुर मेट्रो द्वारा कर्मचारियों में देश भक्ति एवं सर्मपण भाव को जागृत करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

**"हर घर तिरंगा अभियान–2026"** के तहत जयपुर मेट्रो के मानसरोवर एवं छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशनों पर मेट्रो कार्मिकों द्वारा़ रंगोली सजावट की गई, मेट्रो ट्रेनों के भीतर मौजूद पैनलों पर **"हर घर तिरंगा अभियान–2026"** के विज्ञापन प्रदर्शित किये गये हैं, साथ ही, मेट्रो ट्रेनों पर **अभियान** की विशेष ब्रांडिंग की गई है।

मेट्रो प्रशासन द्वारा बड़ी चौपड़ मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों व कार्मिकों हेतु देश प्रेम की भावना से प्रेरित सेल्फी पॉइन्ट बनाये गये है, जहां यात्री अपनी फोटो खिचवाकर उसे सोशल मीडिया (https://harghartiranga.com/selfie, #MyJaipurMetro) पर टैग कर इस अभियान का हिस्सा बन सकते है।

मेट्रो प्रशासन द्वारा सभी कार्मिकों को भारतीय ध्वज दिया गया एवं तिरंगे के साथ सभी कार्मिकों ने मेट्रो डिपो के मुख्य द्वार पर सामूहिक रूप से एकत्रित होकर राष्ट्र गीत वंदेमातरम का गायन किया इसके पश्चात मेट्रो प्रशासन द्वारा आयोजित तिरंगा रैली (मानसरोवर मेट्रो डिपो परिसर के मुख्य द्वार से मानसरोवर मेट्रो स्टेशन तक) में भरपूर उत्साह के साथ भाग लिया।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री वैभव गालरिया ने बताया कि "हर घर तिरंगा" अभियान 2026 के तहत कार्मिकों को भारतीय ध्वज वितरण कर समस्त कर्मचारियों को उसे अपने घरों पर फहराने हेतु प्रेरित किया, जिससे वे सभी पूरे देश में आयोजित हो रहे इस राष्ट्रव्यापी उत्सव में देशप्रेम की भावना के साथ शामिल हो सकें।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन